आज दिनाँक 16/12/2017 को डॉ. आम्बेडकर चेयर सामाजिक विज्ञान संकाय,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं भरतीय स्टेट बैंक शाखा बी.एच. यू वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में डिजिटल यात्रा का आयोजन किया गया।डिजिटल यात्रा को प्रो. मंजीत चतुर्वेदी ,प्रोफेसर आम्बेडकर चेयर सामाजिक विज्ञान संकाय बी.एच .यू एवं भारतीय स्टेट बैंक ,बी.एच. यू के शाखा प्रबंधक श्री शशांक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस डिजिटल यात्रा के माध्यम से माधोपुर ग्रामवासियों को बैंकिंग क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी डिजिटलाइजेशन के तरीके सिखाये गए ,इसके साथ साथ प्रो.टी .पी चतुर्वेदी के संयोजन में मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया । इसके साथ साथ IRDP सेंटर बी.एच. यू के डॉ.आलोक पांडेय एवं डॉ. भूपेंद्र सिंह के द्वारा विभिन्न प्रकार के फसलों एवं सब्जियों के बीजों का भी वितरण किया गया । आम्बेडकर चेयर की तरफ से डॉ. आम्बेडकर का जीवन परिचय एवं संघर्ष विषयक पम्पलेट बाँटे गए. इस कार्यक्रम में माधोपुर ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम का संयोजन डॉ.विमल कुमार लहरी एवं डॉ.अरुणा कुमारी द्वारा किया गया । कार्यक्रम के छायाचित्र-

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
डा. आम्बेडकर चेयर, सामाजिक विज्ञान संकाय
स्टेट बैंक आफ इण्डिया, बी.एच.यू.

हिन्दू विश्वविद्यालय